चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 10 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 139, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

**PAGE NO 4 : MIDDLE**

# बासुबरल और मुकुंद इंटरनेशनल ने जीते मैच




विजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 6 शुरू

**अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार को श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 6 की शुरुआत हो गई।

ट्रस्ट के सेक्रेटरी एवं बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति, इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट निर्भय सिंह बेनीवाल, सेक्रेटरी अंकित बग्गा, एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल एवं आर्गनाइजिंग प्रेसिडेंट डॉ. प्रभाकर गुप्ता, सेक्रेटरी डा.सोवन मोहंती, जीके मांटेसरी स्कूल के प्रिंसिपल डा. नरेंद्र शर्मा ने उद्घाटन मैच का आरंभ किया। ग्रुप-ए की बासुबरल सरस्वती विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल और पीएम श्री केवी एनईआर टीम के बीच मैच हुआ।

बासुबरल के कप्तान शिव प्रताप ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। उनकी टीम 12.4 ओवर में 54 रन बना सकी। पीएम श्री केवी एनईआर के आयुष गंगवार ने 13 रन देकर 6 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीएम श्री केवी एनईआर की टीम 7 ओवर में मात्र 17 रन पर सिमट गई। बासुबरल के कप्तान शिव प्रताप, विक्की धूसा ने 4-4 विकेट हासिल किए। विक्की को मैन आफ द मैच चुना गया।

दूसरा मच ग्रुप- बा म मुकुंद इंटरनेशनल स्कूल और जीडी गोयनका के बीच खेला गया। जीडी गोयनका के कप्तान फगुन शर्मा ने टॉस जीता और मुकुंद इंटरनेशनल को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। मुकुंद की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीडी गोयनका की टीम 20 ओवर मे 8 विकेट खोकर 105 रन ही बना सकी। मुकुंद इंटरनेशनल ने 62 रन से मैच जीत लिया। कप्तान फैजान रजा को मैन आफ द मैच चुना गया।